

# फिल्म इंडस्ट्री की पहली ड्रीम गर्ल थी देविका रानी

**भारतीय** सिनेमा जगत में अपनी दिलकश अदाओं से दर्शकों को दीवाना बनाने वाली कई अभिनेत्रियां हुयी और उनके अभिनय के दर्शक आज भी कायल है लेकिन पहली ड्रीम गर्ल देविका रानी को आज कोई याद भी नहीं करता.

देविका रानी का जन्म 30 मार्च 1908 को आंध्रप्रदेश के वाल्टेयर नगर में हुआ था . उनके पिता कर्नल एम.एन. चौधरी उंचे बंगाली परिवार से ताल्लुक रखते थे जिन्हें बाद में भारत के प्रथम सर्जन जनरल बनने का गौरव प्राप्त हुआ .नौ वर्ष की उम्र में देविका रानी शिक्षा ग्रहण करने के लिये इंग्लैंड चली गयी.पढ़ाई पूरी करने के बाद देविका रानी ने निश्चय किया कि वह फिल्मों में अभिनय करेगी लेकिन परिवार वाले इस बात के सख्त खिलाफ थे क्योंकि उन दिनों संभ्रान्त परिवार की लड़कियों को फिल्मों में काम नहीं करने दिया जाता था.


इंग्लैंड में कुछ वर्ष रहकर देविका रानी ने रॉयल अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट में अभिनय की विधिवत पढ़ाई की. इसके बाद उन्होंने वास्तुकला में डिप्लोमा भी हासिल किया .इस बीच उनकी मुलाकात बुस्र बुल्फ नामक फिल्म निर्माता से हुयी जो उनकी वास्तुकला की योग्यता से काफी प्रभावित हुये और उन्होंने देविका रानी को अपनी कंपनी में बतौर डिजाइनर नियुक्त कर लिया. इस बीच उनकी मुलाकात सुप्रसिद्ध निर्माता हिमांशु राय से हुयी .हिमांशु राय मैथ्यू अर्नाल्ड की कविता लाइट ऑफ एशिया के आधार पर इसी नाम से एक फिल्म बनाकर अपनी पहचान बना चुके थे .हिमांशु राय देविका रानी की सुंदरता पर मुग्ध हो गये.

# रवीना टंडन ने पन्नाधाय महोत्सव में भरी हुंकार

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर में आयोजित 'मां पन्नाधाय नारी शक्ति' महोत्सव में बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं. इस दौरान उन्होंने भारत की समृद्ध विरासत की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे पूरी दुनिया घूम चुकी हैं, लेकिन भारतीय संस्कृति और इतिहास जैसा गौरव कहीं और नहीं है.

रवीना ने रेखांकित किया कि जब पश्चिमी देशों में महिलाओं को वोट देने तक का अधिकार नहीं था, तब हमारे देश की रानियां और राजकुमारियां शिक्षा, साहित्य और घुड़सवारी में नेतृत्व कर रही थीं. उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के बढ़ते वर्चस्व पर जोर देते हुए कहा कि आज कार्यक्षेत्र में महिलाएं पूरी तरह स्वतंत्र और 'बॉस' की भूमिका में हैं.

महोत्सव के विशेष सत्र 'मेरी कहानी, मेरी जुबानी' में रवीना टंडन ने राजस्थान के प्रति अपने विशेष प्रेम को साझा किया. उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि जयपुर आने पर उन्हें ऐसा महसूस होता है जैसे उनका पिछले जन्म का कोई नाता इस मिट्टी से रहा है.



# यशराज फिल्म्स ने 'अल्फा' की रिलीज डेट का ऐलान किया

**यशराज** फिल्म्स की फिल्म 'अल्फा' 10 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. यश राज फिल्म्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर अल्फा की थिएट्रिकल रिलीज़ डेट का ऐलान कर दिया है. आलिया भट्ट अभिनीत यह फिल्म अब 10 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी.

इस घोषणा के साथ ही यश राज फिल्म्स, आलिया भट्ट और शर्वरी ने सोशल मीडिया पर एक बिल्कुल नया टीज़र पोस्टर भी साझा किया. इस पोस्टर में आलिया भट्ट का एक नया और बेहद दमदार एक्शन अवतार दिखाई दे रहा है, जिसमें वह चोटों और कट के निशानों से भरी हुई नजर आ रही हैं,मानो किसी खूनखराबे वाली भिड़ंत के बाद की स्थिति हो.

'अल्फा' में आलिया भट्ट के साथ हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की उभरती स्टार शर्वरी नजर आएंगी. यह एक जबरदस्त एक्शन थ्रिलर है, जिसमें अनिल कपूर और बॉबी देओल भी अहम भूमिकाओं में हैं. फिल्म में आलिया और शर्वरी का आमना-सामना बॉबी देओल से होने वाला है, जहां यह दोनों एक क्रूर और तीव्र टकराव में दिखाई देंगी.







# 'संकल्प' का ट्रेलर हुआ रिलीज

**भारत** की अग्रणी फ्री, प्रीमियम और विज्ञापन-समर्थित वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर ने आज अपनी आगामी सामाजिक-राजनीतिक थ्रिलर सीरीज़ संकल्प का दमदार ट्रेलर लॉन्च किया. इस सीरीज़ के साथ दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपना बहुप्रतीक्षित स्ट्रीमिंग डेब्यू कर रहे हैं. प्राचीन चाणक्य-चंद्रगुप्त की कथाओं से प्रेरित यह सीरीज़ आधुनिक भारत के संदर्भ में राजनीतिक रणनीति को नए अंदाज़ में प्रस्तुत करती है, जहाँ सत्ता की लड़ाई का मैदान राजमहलों के बजाय कक्षाओं में दिखाई देता है. ट्रेलर दर्शकों को एक ऐसे संसार की झलक देता है, जो तीन शक्तियों: संस्कार, सत्ता और समर्पण से संचालित होता है. नाना पाटेकर के नेतृत्व में इस सीरीज़ में दमदार कलाकारों की टोली भी शामिल है, जिनमें संजय कपूर, मोहम्मद ज़ीशान अय्यूब, नीरज काबी, कुब्रा सैत और क्रांति प्रकाश झा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. जियो स्टूडियोज़ के लिए ज्योति देशपांडे और पीजेपी फिल्म्स प्रोडक्शंस के बैनर तले दिशा झा द्वारा प्रोड्यूस की गई, संकल्प का प्रीमियर 11 मार्च को विशेष रूप से एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर पर होगा.यह रोमांचक सीरीज़ जियो स्टूडियोज़ की प्रस्तुति है, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता प्रकाश झा द्वारा निर्देशित और निर्मित है. कहानी देश की राजनीति के प्रमुख केंद्रों के बीच घटित होती है. इसमें मात साहब नाम के एक प्रभावशाली शिक्षक को दिखाया गया है, जिनका प्रभाव उनके मूल्यों, वफादारी और अटूट समर्पण पर आधारित है.

# दर्शील सफारी की क्रॉस-बॉर्डर फिल्म में एंट्री

**अभिनेता** दर्शील सफारी ने आधिकारिक तौर पर बहुप्रतीक्षित इंटरनेशनल क्रॉस-बॉर्डर फिल्म की कास्ट में शामिल हो गए हैं. इस फिल्म में मोहित रैना और नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेत्री प्रिया मणि भी की अहम भूमिका है.इस अभी तक बिना टाइटल वाली फिल्म को मुंबई की एज़्योर एंटरटेनमेंट (बदला, केसरी, रॉकी हैंडसम जैसी फिल्मों के निर्माता) और अमेरिका की रेड बाइसन प्रोडक्शन्स मिलकर ग्लोबल को-प्रोडक्शन के रूप में बना रहे हैं. फिल्म की कहानी पहचान, जज़्बे और इंसानी रिश्तों की उन डोरियों को तलाशती है जो सरहदों से भी आगे जाती हैं.



फ़िल्म तारे ज़मीन पर से दुनिया भर में पहचान बनाने वाले दर्शील सफारी इस फिल्म के जरिए एक बार फिर इंटरनेशनल मंच पर वापसी कर रहे हैं. इंडस्ट्री के अंदरूनी लोगों के मुताबिक उनका किरदार उनके करियर का एक नया मोड़ साबित हो सकता है. भावनात्मक रूप से जटिल और कहानी के केंद्र में बेहद अहम.

यह फिल्म पहली बार मोहित रैना और प्रिया मणि को एक साथ स्क्रीन पर लाएगी. दोनों कलाकार अपने दमदार अभिनय और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मजबूत मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं.

फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दर्शील का किरदार भारतीय और इंटरनेशनल दुनिया के बीच एक भावनात्मक पुल की तरह काम करेगा, जो कहानी की नैतिक और मनोवैज्ञानिक धुरी को थामे रखेगा.

इस फिल्म को एक प्रीमियम इंटरनेशनल रिलीज़ के तौर पर पेश करने की योजना है, जिसके लिए ग्लोबल स्ट्रीमिंग डिस्ट्रीब्यूशन पर काम चल रहा है. कई देशों में शूट होने वाली यह फिल्म भव्य सिनेमाई पैमाने को इंसानी भावनाओं से भरे निजी ड्रामा के साथ जोड़ने की कोशिश करेगी.

# द ग्रेट इंडियन कपिल शो में हंसी-मजाक का सिलसिला जारी

**द** ग्रेट इंडियन कपिल शो में हंसी-मजाक का सिलसिला जारी है. जब रवि किशन कपिल के शो पर आते हैं और भोजपुरी सिनेमा के शुरुआती दिनों की यादें साझा करते हैं, तो माहौल और मजेदार हो जाता है. जब कपिल मनोज तिवारी, निरहुआ और पवन सिंह वाले पिछले एपिसोड का ज़िक्र करते हैं, तो रवि किशन हंसते हुए और थोड़ी मजाकिया अंदाज़ में कहते हैं: 'इन्हें चलना मैंने सिखाया, ब्लैक कॉफी पीना मैंने सिखाया... ये सभी मेरे जूनियर्स हैं.' इस बात पर सभी लोग हंस पड़ते हैं और शो का माहौल रवि किशन की पुरानी यादों और उनके ड्रामैटिक अंदाज़ से भरे मज़ेदार किस्सों का बन जाता है.

# कलाकारों ने महिला की हर भूमिका का किया सम्मान



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस साल की थीम इस विचार को सामने लाती है कि जब महिलाएँ प्रेम, साहस, मार्गदर्शन या अवसर देती हैं, तो बदले में उन्हें आत्मविश्वास, अनुभव और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है. एक महिला अपने जीवन में कई भूमिकाएँ निभाती है- जिम्मेदारियों और सपनों के बीच संतुलन बनाते हुए. इसी भावना को साझा करते हुए एण्डटीवी के प्रमुख कलाकारों ने अपने अनुभव साझा किए. इनमें शामिल हैं- अक्षया नाइक ऊर्फ आगामी शो 'हे भगवान-कितना बदल गया इंसान', की ईना, प्रियंवदा कांत ऊर्फ 'घरवाली पेड़वाली' की लतिका, गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश और शिल्पा शिंदे ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी !

**जी टीवी की लीड एक्ट्रेसेज ने मनाया नारीत्व का जश्न-** ज़ी टीवी भी अपनी कहानियों के जरिए लंबे समय से मजबूत, प्रेरणादायक और सच्ची महिला किरदारों को सामने लाता रहा है. सालों से चैनल ने ऐसे कई यादगार महिला किरदार दिए हैं, जो साहस, आत्मविश्वास और अपनी अलग पहचान की मिसाल बने हैं. इस महिला दिवस, यानी इंटरनेशनल विमेन्स डे के मौके पर ज़ी टीवी की लीड एक्ट्रेसेज़ 'गंगा माई की बेटियां' में गंगा का किरदार निभा रहीं अमनदीप सिद्धू, 'जगद्धात्री' में जगद्धात्री बनीं सोनाक्षी बत्रा, 'जाने अनजाने हम मिले' में रीत का किरदार निभा रहीं आयुषी खुराना, 'तुम से तुम तक' में अनु बनीं निहारिका चौकसे, 'सरू' में सरू का किरदार निभा रहीं मोहक मटकर, 'लक्ष्मी निवास' में राधिका बनीं अक्षिता मुदगल और 'वसुधा' में वसुधा का किरदार निभा रहीं प्रिया ठाकुर ने महिला होने की खुशी, अपने सामने आई चुनौतियों और दुनिया भर की महिलाओं के लिए अपनी दिल से निकली शुभकामनाएं साझा कीं.




## शरद केलकर को मिला 'टीआरपी किंग' का खिताब



ज़ी कुटुंब नॉमिनेशन पार्टी इस रविवार 8 मार्च को टेलीकास्ट होने जा रही है, जहां पूरा ज़ी कुटुंब एक साथ नजर आएगा. इस खास शाम में मस्ती भरी एक्टिविटीज़, मजेदार गेम्स और शानदार डांस परफॉर्मेंस देखने को मिलेंगी, जिनमें 'वसुधा', 'सरू', 'गंगा माई की बेटियां', 'जगद्धात्री', 'लक्ष्मी निवास', 'जाने अनजाने हम मिले', 'तुम से तुम तक' और 'जागृति' के एक्टर्स शामिल होंगे. कभी 'जाने अनजाने हम मिले' की शारदा बुआ और 'वसुधा' की सारिका ज़ी कुटुंब के लीड्स को परफेक्ट विलेन बनना सिखाती नजर आएंगी, तो कभी अनु और आर्या का रोमांटिक डांस माहौल को खास बना देगा. वहीं पूरे ज़ी कुटुंब के लीड एक्टर्स का मजेदार डांस गेम भी इस शाम को और दिलचस्प बना देगा. इन सभी खास पलों के बीच एक ऐसा पल भी आया जिसने सभी का ध्यान खींच लिया, जब होस्ट जय सोनी ने शरद केलकर (आर्या) को स्टेज पर बुलाया और उनके शानदार सफर को सलाम करते हुए उन्हें 'टीआरपी किंग' कहा.





# नया इलेक्ट्रिक स्कूटर हुआ पेश

**भारत** में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है और कई नई कंपनियां इस क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रही हैं. इसी कड़ी में जेलो इलेक्ट्रिक ने अपने फ्लैगशिप स्कूटर का विशेष संस्करण नाइट+ रानी एडिशन पेश किया है. यह एक लिमिटेड एडिशन मॉडल है जिसे खास तौर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बाजार में उतारा गया है.

कंपनी ने इस स्कूटर की कुल बिक्री को केवल 999 यूनिट तक सीमित रखा है. इसकी एक्स-शोरूम कीमत 69,990 रुपये तय की गई है और इसकी बुकिंग कंपनी के अधिकृत डीलर नेटवर्क के माध्यम से शुरू हो चुकी है. यह स्कूटर केवल बेबी पिंक रंग में उपलब्ध कराया गया है, जो इसे अन्य मॉडलों से अलग पहचान देता है.

**सिंगल चार्ज पर मिलेगी 100 किलोमीटर तक की रेंज-** नाइट+ रानी एडिशन तकनीकी रूप से उसी प्लेटफॉर्म पर आधारित है जिस पर अगस्त 2025 में लॉन्च हुआ नाइट+ मॉडल बनाया गया था. इसमें 1.8 kWh क्षमता की पोर्टेबल लिथियम आयरन फॉस्फेट बैटरी दी गई है. कंपनी का दावा है कि एक बार पूरी तरह चार्ज होने के बाद यह स्कूटर लगभग 100 किलोमीटर तक चल सकता है.

इस इलेक्ट्रिक स्कूटर में 1.5 kW क्षमता की मोटर लगाई गई है, जो इसे संतुलित प्रदर्शन देने में मदद करती है. इसकी अधिकतम रफ्तार करीब 55 किलोमीटर प्रति घंटा बताई गई है. इस मॉडल की खास बात यह है कि इसमें हटाने योग्य बैटरी दी गई है, जिसे उपयोगकर्ता आसानी से निकालकर घर या किसी अन्य स्थान पर चार्ज कर सकते हैं.

**क्रूज कंट्रोल और हिल होल्ड जैसे आधुनिक फीचर-** नाइट+ रानी एडिशन में कई ऐसे आधुनिक फीचर दिए गए हैं जिन्हें कंपनी इस श्रेणी में खास मानती है. इसमें हिल होल्ड कंट्रोल की सुविधा दी गई है, जो ढलान या चढ़ाई पर स्कूटर को स्थिर रखने में मदद करती है.

# टोयोटा रुमियन का नया बेस वेरिएंट ई भारत में लॉन्च

**टोयोटा** रुमियन का नया बेस वेरिएंट ई एमटी भारत में लॉन्च हो गया है. इसकी कीमत 9.56 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है, जिसके चलते इसकी शुरूआती कीमत कम हो गई है. हालांकि, बेस वेरिएंट होने की वजह से इसमें से कुछ फीचर हट गए हैं.

**कीमत और वेरिएंट-** टोयोटा रुमियन के नए ई एमटी वेरिएंट में केवल पेट्रोल इंजन दिया गया है जिसके साथ मैनुअल गियरबॉक्स का ऑप्शन मिलता है.

ई एमटी वेरिएंट को एस एमटी वेरिएंट के नीचे पोजिशन किया गया है जो कि पहले सबसे सस्ता वेरिएंट हुआ करता था. नया वेरिएंट जुड़ने से अब टोयोटा रुमियन कार 1 लाख रुपये तक सस्ती हो गई है. यह एमपीवी कार अब चार वेरिएंट ई,एस,जी और वी में आती है.

**टोयोटा रूमियन की खूबियां-** भारतीय बाजार में कॉम्पैक्ट 7 सीटर कार सेगमेंट में टोयोटा रूमियन का रोल काफी अहम है. इस एमपीवी में 1.5 लीटर का नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो कि 103 बीएचपी की पावर और 137 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करता है. इसमें 5 स्पीड मैनुअल के साथ ही 5-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्प लगता है. वहीं, रूमियन का सीएनजी वेरिएंट 88 बीएचपी की पावर और 121.5 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करता है. बेस वेरिएंट होने के नाते रुमियन ई एमटी में कई कॉस्मेटिक और कंफर्ट फीचर की कमी रखी गई है.

बेस से ऊपर वाले एस एमटी वेरिएंट के मुकाबले इसमें बॉडी कलर्ड डोर हैंडल्स और ओआरवीएम्स नहीं दिए गए है और टर्न इंडिकेटर्स अब ओआरवीएम्स पर एलईडी स्ट्रिप की बजाए पारंपरिक तरीके से फ्रंट फेंडर पर लगाए गए हैं.




# कार का इन तरीकों से रखें ध्यान

**गर्मियां** आते ही कार की सही से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है, ताकि आपकी गाड़ी लंबी उम्र तक सही हालत में रहे. अगर गर्मियों में कार का सही से ध्यान नहीं रखा जाए, तो वह आपके लिए परेशानी का कारण भी बन सकती है. वहीं, गर्मी के मौसम में कार का सही से ध्यान रखने पर उसकी उम्र भी बढ़ती है. यहां पर कुछ जरूरी टिप्स दिए गए हैं, जो आपको गर्मियों में अपनी कार के फिट और सुरक्षित रखने में मदद करेंगे.

**पेंट की सेफ्टी-** गर्मियों में सूरज की तेज किरणों की वजह से गाड़ी के पेंट और मेटल को नुकसान पहुंच सकता है. गर्मियां आते ही कार के पेंट पर पॉलिश की एक परत लगाने से वह सुरक्षित रहता है और मेटर के पैनल्स की उम्र भी बढ़ती है.

**रबड़ पार्ट्स का ध्यान-** गर्मियों में रबड़ के हिस्से जैसे विंडो चैनल्स का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है. यह पुराने और सूखे हो जाएं, तो यह पानी की निकासी में समस्या पैदा कर सकते हैं. इसकी वजह से कार की सफाई में भी दिक्कत हो सकती है.



**टायरों की देखभाल-** गर्मी के मौसम में पुराने टायरों में दरारे आ सकती है, जो हादसे का कारण बन सकती है. इसलिए जरूरी है कि अगर टायर 5 साल या 40,000 किलोमीटर चल जाए तो उन्हें बदल देना चाहिए.

**टायर एयर प्रेशर-** गर्मियों में टायर का एयर प्रेशर ज्यादा हो सकता है, जिसकी वजह से टायर के फटने का खतरा बढ़ सकता है. इसलिए, गर्मियों में टायर का एयर प्रेशर सही रखने के साथ ही वॉल्व कैप्स का भी ध्यान रखें.

**नियमित सर्विसिंग-** गर्मियों में इंजन ऑयल का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह गर्मी में जल्दी खराब हो सकता है. इसलिए, सही समय पर गाड़ी की सर्विसिंग करवाना चाहिए और इंजन ऑयल को बदलवाना चाहिए.

# सेडान हुंडई वरना 2026 प्रीमियम और आरामदायक

**हुंडई** ने भारतीय बाजार में अपनी लोकप्रिय सेडान हुंडई वरना का 2026 मॉडल लॉन्च किया है, जिसमें न केवल कॉस्मेटिक अपडेट दिए गए हैं बल्कि कई नए और बेहतर फीचर्स भी जोड़े गए हैं. इस नई वर्ना की शुरुआती कीमत 10,98,400 रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है, और इसमें 25 से ज्यादा अपडेट्स शामिल किए गए हैं जो डिजाइन, टेक्नोलॉजी, कम्फर्ट और सेफ्टी से जुड़ी हैं.

**वेरिएंट और कीमत-** नई वर्ना को कंपनी ने छह वेरिएंट्स में पेश किया है: HX2, HX4, HX6, HX6+, HX8 और ।।ङ्क10. इसकी कीमत 10.98 लाख रुपये से शुरू होकर 18.25 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक जाती है.

**दो इंजन विकल्प**

1.5 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन

1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन

**एक्सटीरियर्स में क्या बदला?-** नई वर्ना का एक्सटीरियर्स और अधिक प्रीमियम बना दिया गया है. इसमें ब्लैक क्रोम रेडिएटर ग्रिल, ड्यूल स्श्वष्ठ प्रोजेक्टर हेडलाइट्स और नए डिज़ाइन वाले फ्रंट और रियर बम्पर दिए गए हैं. इसके अलावा, 16 इंच के डायमंड-कट अलॉय व्हील्स और बेहतर रोड प्रेजेंस के लिए पहले से ज्यादा शार्प स्टांस दिया गया है. वर्ना अपने सेगमेंट की सबसे चौड़ी सेडान है और इसका व्हीलबेस 2,670 मिमी है, जो इसे और भी ज्यादा स्पेशियस बनाता है.

**डाइमेंशन्स:**

लंबाई: 4,565 मिमी

चौड़ाई: 1,765 मिमी

व्हीलबेस: 2,670 मिमी

कंपनी ने इस कार में दो नए एक्सटीरियर कलर ऑप्शन भी जोड़े हैं: क्लासी ब्लू और टाइटन ग्रे मैट.

**इंटीरियर्स और फीचर्स-** नई वर्ना का केबिन पहले से ज्यादा प्रीमियम और आरामदायक है. इसमें ष्ठ-कट स्टीयरिंग व्हील और लेदरेट सीट अपहोल्स्ट्री दी गई है. ड्राइवर और पैसेंजर दोनों के लिए इलेक्ट्रिक सीट एडजस्टमेंट का विकल्प है.

ड्राइवर सीट में 8-वे इलेक्ट्रिक एडजस्टमेंट, मेमोरी फंक्शन और वेलकम रिट्रैक्ट फीचर दिया गया है, जबकि पैसेंजर सीट में 4-वे इलेक्ट्रिक एडजस्टमेंट और वॉक-इन डिवाइस शामिल है.

